पिछले 40 वर्षों में हम उन रास्ते पर आगे बढ़े हैं जिसे महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू ने दिखाया था । चाहे जो भी कठिनाइयां आएं हम उसी रास्ते पर उसी संकल्प और साहस के साथ चलते रहेंगे जिनको इन्दिरा गांधी ने हमारे मन में बैठाया था ।

4. स्वतंत्रता संग्राम आत्म निर्भर प्रगति के लिए संघर्ष का, सामाजिक विमुक्ति का, मानव सभ्यता के अग्रणी के रूप में भारत को उसका परम्परागत, ऐतिहासिक स्थान पुनः दिलाने के लिए संघर्ष का अग्रदूत था । हमारी उपलब्धियां उल्लेखनीय रही हैं । उससे भी अधिक उल्लेखनीय रही हैं हमारे प्रयास की समनुरूपता, हमारे प्रयत्न की ईमानदारी, हमारी जनता की निष्ठा और कड़ी मेहनत । हमारा मुख्य उद्देश्य गरीबी की स्थिति में तेजी से सुधार लाना और उसका उन्मूलन करना रहा है । गरीबी दूर करने का मुख्य साधन है ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का तेजी से और निरन्तर विस्तार करना । हमारी नीति सम्पत्ति निर्माण और रोजगार-निर्माण गरीबी विरोधी कार्यक्रमों के जरिए समाज के अपेक्षाकृत निर्धन वर्गों के पक्ष में प्रत्यक्ष रूप से हस्तक्षेप करने के साथ साथ तेज गति से और अधिक विविधता-पूर्ण विकास करने की रही है और उसके साथ-साथ क्वालिटी शिक्षा का व्यापक

कार्यक्रम भी चलाया है । हम अपने अतुलनीय मानव संसाधनों की पूरी क्षमता को प्राप्त करना चाहते हैं और साथ ही चाहते हैं कि हमारी अर्थ-व्यवस्था की विकास संबंधी अपेक्षाओं और रोजगार संबंधी आवश्यकताओं के साथ देश की शिक्षा रूपरेखा का सुमेल बना रहे । हम अपने उद्देश्यों की प्राप्ति की ओर दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़े हैं । गत सात वर्षों में प्रगति की रफ्तार उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है । आठवीं योजना में इससे भी अधिक गति से विकास, रोजगार के अधिक से अधिक अवसर बनाए जाने और क्षेत्रीय असमानताओं को जोरदार ढंग से कम करने की व्यवस्था होनी चाहिए । हमें विकास की उच्चतर दर और ऐसे विकास के स्वरूप दोनों की आवश्यकता है जो हमारी जनता की बुनियादी आवश्यकताओं और हमारी अर्थ-व्यवस्था एवं विकासशील अपेक्षाओं से मेल खाता हो ।

5. हमने दो महत्वपूर्ण बुनियादी असूलों में रहते हुए विकास के लिए कार्यवाह की है हमारे देश की स्वतंत्रता और हमारी जनता की स्वतंत्रता । इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए हमने अपने नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों की गारन्टी के लिए तथा अपनी स्वतंत्रता, अखण्डता एवं राष्ट्रीयता के लिए अनेक चुनौतियों का सामना करने की दृष्टि से शक्तिशाली संस्थाओं का निर्माण किया है बाहर से और भीतर से हमारी लोकतांत्रिक राजनीतिक प्रणाली को नष्ट करने, दुर्बल बनाने और क्षति पहुंचाने के लिए प्रयास किए गए हैं । हमारी जागरूक जनता ने सदैव ऐसे सभी प्रयासों को नाकाम कर दिया है ।

6. वर्षा के न होने से हमारी अर्थ-व्यवस्था की लोचशीलता और हमारे उद्देश्य की दृढ़ता कसौटी पर चढ़ी है । हमारे कृषि समुदाय और वस्तुतः सम्पूर्ण राष्ट्र ने इस गम्भीर आर्थिक चुनौती का अत्यधिक वीरता के साथ मुकाबला किया है । लोग सरकार को बहुत बड़ा सहयोग दे रहे हैं । राष्ट्र का आर्थिक कार्यनिष्पादन इस बात का परिचायक है कि हमारी विकास नीति कितनी स्वस्थ और शक्तिशाली है ।

7. दृढ़ संकल्प और संगठित राष्ट्रीय प्रयास के साथ पंजाब और अन्य क्षेत्रों में आतंकवाद की चुनौती का मुकाबला किया जा रहा है । पंजाब में राष्ट्रपति शासन के परिणामस्वरूप कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने पंजाब के लोगों की पुनर्जीवित इच्छा शक्ति का उपयोग किया है और भ्रमित राष्ट्रविरोधी तत्वों के विरुद्ध दृढ़ता के साथ अभियान चलाया है । सबसे पहला काम है आतंकवाद को समाप्त करना और अलगाववादियों को अलग-थलग करना । हाल में आतंकवादियों ने अपनी विध्वंसक गतिविधियों को तेज कर दिया है । उनका मुकाबला हमारी सुरक्षा सेना के उच्च मनोबल, पुनर्जीवित व्यावसायिकता तथा कड़ी सतर्कता से है । उनका मुकाबला उन लोगों से भी है जो धमकी में नहीं आते या भयभीत नहीं होते । राष्ट्र की अखण्डता और एकता के साथ कोई समझौता नहीं हो सकता और न होगा । संविधान की रूपरेखा के अन्तगत समस्या का अहिंसक राजनीतिक समाधान खोजने के लिए सरकार उन सभी से वार्ता करने के लिए तैयार है जो हिंसा का तिरस्कार करते हैं । राष्ट्र को निर्दोष व्यक्तियों की मृत्यु पर दुःख है । हम उनका अभिवादन करते हैं जिन्होंने राष्ट्रीय एकता के लिए अपने प्राणों की बलि दी है ।

8. त्रिपुरा में उग्रवादियों ने आतंक का अपना अभियान तेज कर दिया । हिंसा में वृद्धि होने और निर्दोष व्यक्तियों की अधिक हत्याएं होने के कारण सरकार के पास त्रिपुरा को अशांत क्षेत्र घोषित करने के अलावा कोई चारा न रहा । हम वहां हिंसा को दबाने के लिए कृत-संकल्प हैं ।

9. साम्प्रदायिकता, कट्टरपंथ तथा अन्य अलगाववादी प्रवृत्तियों को जड़ से उखाड़ फेंकने के अपने इरादे में हम दृढ़-प्रतिज्ञ हैं । राष्ट्रीय एकीकरण

परिषद की समितियां साम्प्रदायिक सद्भाव बढ़ाने के उपाय निकालने में सक्रिय रही हैं । केन्द्र एवं राज्यों को अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए पन्द्रह सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वित करने के लिए सतत् प्रयास करने चाहिएं ।

10. सदियों पुराने सामाजिक बहिष्कार, भेदभाव और दमन के परिणामों को समाप्त करने के लिए हम वचनबद्ध हैं । हमने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति राष्ट्रीय आयोग का पुनर्गठन किया है हमारे समाज के इन सुविधाहीन कल्याण और विकास को कितना महत्व देते हैं, उसका अंदाजा सातवीं योजना में उनके लिए रखे गए 4000 करोड़ रुपये से अधिक परिव्यय से लगाया जा सकता है। यह एक विशेष संतोष की बात है कि एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (आई० आर०डी०पी०) के अधीन इन दोनों श्रेणियों के 41 प्रतिशत लोगों को लाभ पहुंचा, जो निर्धारित 30 प्रतिशत के लक्ष्य से कहीं अधिक है ।

11. वर्ष के दौरान जम्मू और कश्मीर, केरल, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, नागालैण्ड, मेघालय और त्रिपुरा में चुनाव हुए।

12. तमिलनाडु में जनवरी में जो स्थिति उत्पन्न हुई उसे देखते हुए उस राज्य में संविधान के अनुच्छेद 356 के उपबन्धों का सहारा लेना पड़ा । उस राज्य में जल्दी ही चुनाव कराने का प्रस्ताव है ।

13. केन्द्र राज्य संबंध आयोग ने, जिसकी स्थापना न्यायमूर्ति श्री आर०एस० सरकारिया की अध्यक्षता में की गई थी, अपनी रिपोर्ट दे दी है । निर्णयों पर पहुंचने से पहले संसद, राज्यों और जनता के विचारों पर गौर किया जाएगा ।

14. शिक्षा की राष्ट्रीय नीति आगामी पीढ़ियों के लिए हमारी धरोहर हैं और भविष्य के लिए हमारा मापदण्ड है । सबके लिए क्वालिटी शिक्षा राष्ट्रीय विकास की कुंजी है । नीति के कार्यान्वयन के लिए कारंवाई कार्यक्रम 1986 में संसद में पेश किया गया । नीति के अनुसार वर्ष के दौरान प्रमुख कदम उठाए गए । हमारी नजर में प्राथमिक शिक्षा का महत्व सर्वोपरि है । प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण का स्तर सुधारने और अवस्थापना में सुधार लाने के लिए आपरेशन "ब्लैक बोर्ड" शुरू किया गया । शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े हुए राज्यों की तरफ विशेष ध्यान दिया जा रहा है । हर साल 5 लाख अध्यापकों के प्रशिक्षण के विशाल कार्यक्रम को जारी रखा गया है । राष्ट्रीय एकता की भावना और अपनी विरासत के प्रति जागृति लाने के लिए एक राष्ट्रीय कोर पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है । नवोदय विद्यालयों की संख्या बढ़कर 206 हो गई है । 1986 के लिए इन विद्यालयों में प्रवेश परीक्षाओं के विश्लेषण से पता चलता है कि चुने गए 41 प्रतिशत बच्चे गरीबी की सीमा रेखा से नीचे स्तर के परिवारों के हैं, 77 प्रतिशत बच्चे ग्रामीण इलाकों के हैं और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के बच्चों का प्रतिशत कुल आबादी में उनके प्रतिशत से कहीं ज्यादा है । लड़कियों के लिए माध्यमिक स्तर की निःशुल्क शिक्षा की योजना पर अब सभी राज्यों में अमल किया जा रहा है। शिक्षा को व्यवसाय से जोड़ने के लिए एक व्यापक योजना तैयार कर ली गई है । उच्च शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा की क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए सरकार विभिन्न उपायों पर कार्यवाही कर रही है ।

15. छोटे परिवार के मानदण्ड को बढ़ावा देना उच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता है । गत वर्ष 2 करोड़ लोगों द्वारा गर्भ-निरोधक उपाय अपनाये गए, जो अब तक प्राप्त स्तरों में सबसे उच्च हैं । परिवार कल्याण और स्वास्थ्य की समस्याएं एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं । अतः उनका समाधान अनेक एकीकृत उपायों से किया जा रहा है । रोग-प्रतिरक्षण कार्यक्रमों में पिछले दो सालों में तेजी आई है ।

16. सब प्रकार के पूर्वाग्रह, भेदभाव और दुर्व्यवहार, शोषण तथा अत्याचार से नारी की विमुक्ति राष्ट्रीय कर्त्तव्य और राष्ट्रीय कार्य है। राष्ट्र के जीवन में उनकी पूरी और समान सहभागिता राष्ट्रीय आवश्यकता है। महिलाओं की समस्याओं को हल करने के लिए सरकार ने 2000 ईसवी तक की एक परिप्रेक्ष्य योजना बनाई है। सरकार ने महिलाओं से संबंधित नीतियों और कार्यक्रमों की समीक्षा करने और परामर्श देने के लिए महिलाओं संबंधी राष्ट्रीय समिति का भी पुनर्गठन किया है। असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की समस्याओं पर गौर करने के लिए एक राष्ट्रीय आयोग स्थापित किया गया है। उसकी रिपोर्ट जल्दी ही मिल जाने की आशा है।

17. देवराला की बर्बरतापूर्ण घटना के बाद, सती (निरोधक) अधिनियम, 1987 पारित किया गया। सरकार इस कुरीति को समाप्त करने के लिए दृढ़-संकल्प है। इन प्रयासों के समर्थन में यथासंभव व्यापक जनमत तैयार किया जाना चाहिए।

18. देश की जनसंख्या के स्वरूप में हो रहा परिवर्तन हमारे परिवर्तनशील समाज की बहुत महत्वपूर्ण विशेषता है। राष्ट्र के जीवन में युवा वर्ग का महत्व बढ़ता जा रहा है। इसलिए युवा वर्ग की आवश्यकता पूरी करना और उन्हें राष्ट्र के जीवन में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार करना उच्च प्राथमिकता के विषय हैं। नेहरू युवक केन्द्रों में उच्च स्तर की गतिशीलता लाई गई है। राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत स्काउट्स और गाइड्स तथा नेशनल कैडेट कोर के द्वारा हमारे लाखों लड़के-लड़कियों में बौद्धिक और शारीरिक अनुशासन तथा उत्साह और साहस की भावना जगाई जा रही है। भारतीय खेल प्राधिकरण ने हमारे युवाओं के एथलेटिक कौशल को अवसर प्रदान करके प्रशंसनीय कार्य किया है।

19. सद्भावपूर्ण औद्योगिक सम्बन्ध वर्ष की महत्वपूर्ण बात रही। हम श्रमिकों तथा प्रबन्धकों दोनों को उनके रचनात्मक दृष्टिकोण के लिए बधाई देते हैं। हम उद्योग में प्रबन्ध-व्यवस्था में भागीदारी की प्रथा को बढ़ावा देना चाहते हैं। सरकार औद्योगिक सम्बन्धों पर एक व्यापक विधेयक और कर्मचारी भविष्य अधिनियम में विस्तृत परिवर्तनों के लिए एक विधेयक लाना चाहती है।

20. जब कि हमारे श्रमिकों के वर्गों ने अधिकार प्राप्त करने और उनकी रक्षा करने के लिए अपने आपको संगठित कर लिया है, हमारे श्रमिकों की बहुत बड़ी संख्या असंगठित है और इसलिए उनका शोषण किया जाता है। काम की उनकी दशाओं के बारे में आंकड़े अपर्याप्त हैं और उनकी स्थिति सुधारने के लिए कार्रवाई असन्तोषजनक है। हमें उनके कल्याण एवं उनकी प्रगति की गहरी चिन्ता है। हम उनकी दशा सुधारने के लिए वचनबद्ध हैं। अतः हमने ग्रामीण श्रमिकों के बारे में राष्ट्रीय आयोग की नियुक्ति की है। हमने बाल श्रमिकों के बारे में भी राष्ट्रीय नीति तैयार की है। बंधुआ मजदूरों का पता लगाने और उनका पुनर्वास करने के काम में स्वयंसेवी एजेंसियों को शामिल किया जा रहा है।

21. 20-सूत्री कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्र में नई आशा जगाई है। इसके लिए चालू वर्ष में कुल योजना परिव्यय का 30 प्रतिशत भाग रखा गया है। आई० आर०डी०पी०, एन०आर०ई०पी० तथा आर० एल०ई०जी०पी० ग्रामीण गरीबी के विरुद्ध संघर्ष करने के हमारे मुख्य साधन हैं। पिछले 7 सालों में, आई०आर०डी० पी० के तहत कमजोर वर्गों और गरीबी की सीमा रेखा से नीचे रहने वालों अन्य पिछड़े ग्रुपों के तहत 234 लाख से भी अधिक परिवारों को सहायता दी गई है। लाभ प्राप्त करने वालों में महिलाओं की संख्या अब 16 प्रतिशत हो गई है। अप्रैल, 1987—जनवरी, 1988 की अवधि में एन०आर०ई०पी० और आर०एल०ई० जी०पी० कार्यक्रमों से रोजगार के 47 करोड़ 10 लाख श्रम दिवस उपलब्ध हुये।

22. जल को पहली बार एक अत्यावश्यक राष्ट्रीय सम्पत्ति माना गया है। नई राष्ट्रीय जल नीति इस बारे में राष्ट्रीय मतैक्य के परिणामस्वरूप ही सामने आई है। इससे हमारे जल संसाधनों के प्रभावी योजनाबद्ध विकास और

पूर्ण उपयोग का मार्ग प्रशस्त होता है।

23. गंगा एक्शन योजना की ओर राष्ट्र का ध्यान आकर्षित हुआ है। 25 नगरों और शहरों में यह योजना पूरे जोरों पर है। पर्यावरण-संरक्षण कार्य प्रमुख राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में उभर कर आया है। प्राथमिकता वाले 24 उद्योगों के लिए पर्यावरण सम्बन्धी मानदंड अधिसूचित किये गये हैं। वायु-प्रदूषण के बारे में संसद ने पहले ही कानून में संशोधन कर दिया है। हमारे वनों को संरक्षण देने और जल-प्रदूषण को रोकने के लिए कठोर विधायी उपाय किए जाने की योजना है।

24. सरकार ने राष्ट्रीय आवास बैंक की स्थापना के लिए संसद् के शीतकालीन सत्र में कानून पेश किया। इस बैंक के प्रमुख कार्यों में एक होगा कमजोर वर्गों के आवास के लिए वित्त की व्यवस्था करना। इस सत्र में सरकार लाखों बेघर लोगों को मकान उपलब्ध कराने के लिए एक राष्ट्रीय आवास नीति प्रस्तुत करेगी।

25. 20–सूत्री कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण सत्र और अधिक संवेदनशील प्रशासन का विकास करना है, विशेषकर जहां तक इसका सम्बन्ध कमजोर वर्गों से है। संवेदनशील प्रशासन विषय पर जिला कलेक्टरों के लिए अनेक कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। लोक शिकायतों को दूर करने वाले तंत्र को मजबूत बनाया जा रहा है। जिला योजना प्रकोष्ठों के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

26. पददलित लोगों को जल्द और कम खर्चीला न्याय दिलाने की योजना में प्रगति हुई। कानूनी सहायता योजनाओं को अमल में लाने का काम एक समिति को सौंपा गया है, जिसके मुख्य संरक्षक भारत के मुख्य न्यायाधीश हैं।

27. पिछले वर्ष तस्करी, विदेशी मुद्रा के अवैध धन्धे और नशीले पदार्थों के व्यापार के विरुद्ध अभियान को नये सिरे से तेज किया गया। केन्द्रीय आर्थिक आसूचना ब्यूरो तस्करों और इस धन्धे में लगे बड़े गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है।

28. नशीले पदार्थों का खतरा चिन्ताजनक रूप धारण कर रहा है। यदि हम सावधान नहीं रहे, तो हमारे युवकों का यौवन खतरे में पड़ जाएगा, राष्ट्र का शारीरिक और नैतिक ढांचा निर्बल हो जाएगा। हम इस बुराई को समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प हैं। मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो ने इस वर्ष भारी मात्रा में नशीले पदार्थ पकड़े हैं। नशे के शिकार अभागे व्यक्तियों की आदत छुड़ाने और उनके पुनर्वास के कार्यक्रम चलाए गए हैं।

29. हम विज्ञान और टैक्नालाजी का उपयोग, विशेषकर ग्रामीण भारत में, गरीबी दूर करने के प्रयोजन से सजगतापूर्वक कर रहे हैं। हमारे पांच टैक्नालाजी मिशनों का यही उद्देश्य है। इन पांच मिशनों को दिए गए कार्य इस प्रकार हैं: देश के सभी गांवों में पीने का पानी उपलब्ध कराना; 2 करोड़ गर्भवती महिलाओं और 1 करोड़ 80 लाख नवजात शिशुओं और वैक्सीन-निरोध्य बीमारियों से बचाना; 3 करोड़ बालिगों को प्रयोजनमूलक शिक्षा देना; तिलहनों और खाद्य तेलों का उत्पादन बढ़ाना; और दूर-संचार सेवाओं को अधिक लोगों तक पहुंचाना। इन मिशनों ने 1988-89 और 1989-90 के लिए अपनी प्रचालन-योजनायें बना ली हैं। योजनाओं की ध्यानपूर्वक मानिटरिंग की जा रही है तथा उनका सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया जा रहा है।

30. सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एकीकृत उर्जा की नीति अपनाई है। उर्जा के प्राकृतिक तथा सतत् स्रोतों जैसे सूर्य, वायु बायोगैस को और मिनीहाइडल स्रोतों एवं उन्नत चूल्हों को लोकप्रिय बनाया जा रहा है।

31. तेल खोजने और निकालने का काम तेज किया जा रहा है। तेल साफ करने की क्षमता और बढ़ाई जाएगी। तेल शोधक कारखानों में आधुनिक टैक्नालाजी लाने, उनका विकास करने और उन्हें अनुकूल बनाने के लिए एक हाई टैक्नालाजी केन्द्र की स्थापना की गई है एच० बी०जे० पाइपलाइन का पहला सेक्शन वर्ष के दौरान पूरा कर लिया गया।

32. इलेक्ट्रानिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भारत उन चन्द देशों की श्रेणी में आ गया है जिनके पास इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज बनाने की अपनी टेकनालाजी है। साफ्टवेयर निर्यात एक प्रमुख नये विकास क्षेत्र का रूप धारण कर रहा है।

33. परमाणु-विज्ञान के क्षेत्र में हम उन गिने-चुने देशों में से एक हैं जिन्हें परमाणु-ऊर्जा के उत्पादन के लिये संपूर्ण परमाणु ईंधन-चक्र में निपुणता प्राप्त है। इस क्षेत्र में 500 मेगावाट क्षमता के रिएक्टरों को डिजाइन करना एक एतिहासिक घटना है। परमाणु पावर कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिये परमाणु पावर निगम की स्थापना की गई है।

34. समुद्र-तल में खदान की क्षमताओं के विकास के लिये हमारे प्रयासों में अगस्त 1987 का महत्वपूर्ण स्थान रहा। अन्तर्राष्ट्रीय समुद्रतल प्राधिकरण के प्रारंभिक आयोग ने हिन्द महासागर में एक खान-क्षेत्र में खोज और विकास करने के भारत के दावे को पंजीकृत कर लिया। यह गर्व की बात है कि भारत ऐसा पहला देश है जिसका ऐसा दावा इस प्राधिकरण ने मंजूर किया है।

35. भारत के पहले रिमोट सेंसिंग उपग्रह का डिजाइन व विकास भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने किया है। इस उपग्रह को अगले महीने सोवियत लांचर द्वारा अन्तरिक्ष में छोड़ा जायेगा। स्रोस-II उपग्रह सहित संवर्धित उपग्रह प्रक्षेपण यान कीदूसरी उड़ान अप्रैल माह में होगी। यह उपग्रह संयुक्त इसरो पश्चिम जर्मन पेलोड ले जायेगा। जून में हमारा संचार उपग्रह इन्सैट-I सी फ्रेंच एरियन लांचर से छोड़ा जायेगा।

36. जहां तक स्मृति जाती है, अब तक के एक सबसे खराब मौसमी संकट अर्थात् देश के अधिकांश भागों में व्यापक सूखे और पूर्वी क्षेत्र में बाढ़ के बावजूद, हमारे अर्थतंत्र ने अपने लचीलेपन का परिचय दिया है। हमने चुनौती का अच्छी तरह सामना किया है और संकट को टाला है क्योंकि इंदिरा गांधी द्वारा अपनाई गई विकास नीति और गत तीन वर्षों के नये प्रयासों से हमारे अर्थतन्त्र को आंतरिक शक्ति प्राप्त हुई है। जैसे ही जलवायु संबंधी परिस्थितियां सामान्य हो जायेंगी हम कृषि विकास में फिर से गति लाने के काम को सुनिश्चित करेंगे।

37. 15 राज्यों और 6 संघ राज्य क्षेत्रों के 269 जिलों की लगभग 450 लाख हेक्टेयर भूमि सूखे से प्रभावित हुई। बहुत से क्षेत्रों में अनावृष्टि का यह लगातार दूसरा वर्ष था; कुछ में तीसरा या चौथा। वर्ष 1986-87 के स्तर के मुकाबले अनाज के उत्पादन में 7 से 10 प्रतिशत की कमी होने का अंदेशा है। सूखे के प्रभावों से निपटने के लिये एक व्यापक योजना बनाई गई। राज्यों को रोजगार, पीने के पानी और चारे की आपूर्ति के लिये शीघ्र ही केन्द्रीय सहायता दी गई। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को काफी विस्तृत किया गया। किसानों को ऋण-सहायता और अतिरिक्त ऋण-सहायता की सुविधायें उपलब्ध कराई गईं। तीन या उससे अधिक वर्षों से प्रभावित किसानों के लिये मूलधन और ब्याज की अदायगी का स्थगन भी इनमें शामिल है। रबी की अधिकतम पैदावार प्राप्त करने के लिये नीति अपनाई गई है।

38. हमारा हमेशा से यही विश्वास रहा है कि राष्ट्र तभी मजबूत बन सकता है जब कृषि और किसान मजबूत होंगे। खाद्यान्नों में आत्म-निर्भरता की ओर हमारा प्रयास बड़ा कारगर साबित हुआ है। हमने खाद्यान्नों के बड़े बफर भंडार बनाये। इनसे हम मुश्किल हालात पर काबू कर पाये हैं। चावल उत्पादन के विशिष्ट कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्वी राज्यों में हाल के वर्षों में चावल की उत्पादकता में वृद्धि हुई है। सरकार 7वीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक खाद्यान्न उत्पादन को 1750

लाख टन करने के लिये दृढ़ संकल्प के साथ जुटी हुई है । शुष्क भूमि पर कृषि की उत्पादकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया जायेगा । इस नीति पर विस्तृत विचार के लिये एक कार्यदल नियुक्त किया गया है । इस दिशा में एक नवीन परिवर्तन है-- कृषि जलवायु क्षेत्रों के आधार पर काश्तकारी की योजनायें बनाना ।

39. सूखा राहत के लिये आवश्यक धनराशि बजट में निर्धारित राशि से बहुत अधिक हो गई । यह आवश्यक हो गया कि मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने के लिये जवाबी आर्थिक उपाय किये जायें । इसके लिये आयकर, संपत्ति-कर, निगम-कर और सीमा-शुल्क पर अस्थाई अधिभार लगाया गया । सरकारी खर्चों में सख्ती के साथ किफायत की गई । रिजर्व बैंक ने भी बैंकिग प्रणाली में अधिक नकदी समेटने और चयनात्मक नियंत्रणों को कड़ा करने के उपाय किये । मुद्रास्फीति का दबाव पहले के सूखों की अपेक्षा बहुत कम रहा है । वर्ष 1979-80 में थोक मूल्य सूचकांक में 21 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई थी । इसके विपरीत, जनवरी 1988 के तीसरे सप्ताह तक यह वृद्धि केवल 9.8 प्रतिशत रही है ।

40. औद्योगिक क्षेत्र का कार्य सराहनीय रहा है । यह उत्पादन और निवेश में वृद्धि तथा बेहतर तकनीकी के लिये सरकार की नीतियों की सफलता का परिचायक है । हमारे औद्योगिक श्रमिक विशेष प्रशंसा के पात्र हैं जिन्होंने उत्पादकता बढ़ाने के आह्वान पर अच्छी प्रतिक्रिया दिखलाई । वर्ष 1984-85 से उद्योग में प्रतिवर्ष 8.5 से लेकर 9 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है । वर्ष 1987-88 में वृद्धि की यह दर बरकरार रही और अप्रैल-नवम्बर, 1987 में औद्योगिक उत्पादन के सामान्य सूचकांक में 10.2 प्रतिशत वृद्धि हुई । गैर-कृषि क्षेत्रों में सूखे के प्रभाव सामने आने पर पूरे वर्ष में इसके 8 प्रतिशत से अधिक होने की संभावना है । इस अवधि में लघु उद्योग क्षेत्र ने औद्योगिक विकास की गति बढ़ाने में महत्व-पूर्ण योगदान दिया है । लघु औद्योगिक इकाइयों को आर्थिक सहायता देने के लिये एक नेशनल इक्विटी फंड की स्थापना की गई । बीमार औद्योगिक कम्पनियाँ (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1987 के अन्तर्गत गठित औद्योगिक एवं वित्तीय पुर्ननिर्माण बार्ड ने गत मई से कार्य करना आरम्भ कर दिया है ।

41. अवस्थापना ने, जो लगभग पूरी तरह सार्वजनिक क्षेत्र में है, बहुत अच्छा कार्य किया है। वर्ष 1986-87 में अर्थ-तंत्र के इस क्षेत्र में अच्छी वृद्धि हुई जैसे बिजली के उत्पादन में 10.2 प्रतिशत, कोयले के उत्पादन में 7.5 प्रतिशत और रेल द्वारा माल ढुलाई में 7.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई । चालू वर्ष में इन सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति होती रही है । सूखे के कारण पनबिजली उत्पादन में हुई काफी कमी के बावजूद अप्रैल-दिसम्बर, 1987 में बिजली का उत्पादन पिछले वर्ष की अपेक्षा 7.6 प्रतिशत अधिक हुआ । ताप विद्युत के उत्पादन में 16.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई । अप्रैल-दिसम्बर, 1987 में प्लांट लोड फैक्टर का औसत 55 प्रतिशत रहा है जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 52.2 प्रतिशत था। वर्ष 1987-88 के पहले 9 महीनों में कोयले में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि-दर रही । रेल द्वारा माल ढुलाई में 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

42. राष्ट्रीय अर्थतंत्र में सार्वजनिक क्षेत्र का प्रभावशाली स्थान है। यह भारत की आर्थिक स्वतंत्रता की रक्षा करता है। समाजवाद लाने की हमारी विकास-नीति में सार्वजनिक क्षेत्र की यह प्रमुख भूमिका बनी रहनी चाहिए और बनी रहेगी—यही कारण है कि सरकार ने इस क्षेत्र की कार्यपटुता और वित्तीय क्षमता में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया है। हम मैमोरैण्डा आफ अण्डरस्टैंडिंग के द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र को और अधिक कार्य संबंधी स्वायत्तता दे रहे हैं।

43. कठिन बाहरी परिस्थिति के बावजूद भुगतान-संतुलन की स्थिति को सफलतापूर्वक संभाला गया है। निर्यात को बढ़ावा देने के सरकारी प्रयत्नों का अच्छा परिणाम रहा है। वर्ष के पहले नौ महीनों में मूल्य के हिसाब से निर्यात में 24.7 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि हुई है जबकि आयात में वृद्धि 13.5 प्रतिशत तक रखी गई है। अप्रैल-दिसम्बर 1987 में व्यापार-घाटा पिछले वर्ष की इसी अवधि में हुए घाटे से कम था। सरकार भुगतान संतुलन की स्थिति पर कड़ी नजर रखेगी।

44. केन्द्रीय क्षेत्र योजना परिव्यय सातवीं पंचवर्षीय योजना के लक्ष्यों से अधिक रहे हैं। यह संतोष की बात है, फिर भी हमें वास्तविक लक्ष्यों की प्राप्ति पर और अधिक ध्यान देना है। योजना आयोग द्वारा सातवीं पंचवर्षीय योजना की मध्यावधि समीक्षा पूरी कर ली गई है और इसे शीघ्र ही राष्ट्रीय विकास परिषद् और संसद् में प्रस्तुत किया जाएगा।

45. प्रारम्भिक काल से भारतीय विचारधारा "संकीर्ण घरेलू सीमाओं" को पार कर गई है और उसने सम्पूर्ण मानवता को विशाल कुटुम्ब के रूप में देखा है। सहस्रों वर्षों से हमारी विरासत सहिष्णुता और दया की सभी स्थानों से जो कुछ सर्वोत्तम है, उसे आत्मविश्वास के साथ आत्मसात् और संश्लिष्ट करने की रही है। स्वतंत्रता संग्राम में सत्य, अहिंसा और मानव की एकता के प्राचीन सिद्धांत हमारे मार्गदर्शक रहे। हमारी विदेश नीति के आधारभूत सिद्धांत इसी एकीकृत और पूरी तरह से स्थापित विश्व-दृष्टिकोण पर आधारित हैं। गुट-निरपेक्षता का सिद्धांत और उस पर व्यवहार करना समकालीन अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के लिए आधुनिक भारत का उल्लेखनीय योगदान है। यह वह सिद्धांत है जिसकी संकल्पना व जिसका प्रतिपादन महात्मा गांधी एवं जवाहरलाल नेहरू जैसे दूरदृष्टि वाले महापुरुषों द्वारा किया गया था। शुरू में यह दृष्टिकोण अल्पसंख्यकों का दृष्टिकोण था जिसके प्रति विरोध प्रकट किया गया और यहां तक कि उसका उपहास किया गया किन्तु अब इसके मानने वालों की संख्या अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय का दो-तिहाई हिस्से तक बढ़ गई है जिसका सर्वत्र विचारशील लोगों पर काफी प्रभाव पड़ रहा है और नई विश्व व्यवस्था के निर्माण में जिसका महत्वपूर्ण योगदान है। हमारी विदेश नीति ने हमारी प्रभुसत्ता की रक्षा की है, हमारे राष्ट्रीय हितों को उन्नत किया है और एक उचित, न्यायसंगत एवं लोकतांत्रिक विश्व व्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हम अन्तर्राष्ट्रीय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान में विश्वास करते हैं। हम सभी देशों के साथ अपनी मैत्री और सहयोग को बढ़ाना चाहते हैं। हम शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और परमाणु निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

46. जबकि रक्षा नीति निर्धारक निवारण की पुरानी अवधारणाओं की कीचड़ में फंसे रहे, एक ऐसे विश्व में जिसके परमाणु अस्त्रों के द्वारा समाप्त होने की आशंका थी, हिरोशिमा के तुरन्त बाद ही महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू ने परमाणु अस्त्रों के विनाशकारी प्रभाव को भांप लिया था। इन हथियारों की समाप्ति स्वतंत्र भारत की विदेश नीति का प्रमुख आधार बनी। गत चालीस वर्षों में लगातार भारत ने परमाणु अस्त्र-रहित अहिंसक विश्व के लिए दृढ़निश्चय से कार्य किया है। छह देशों की पहल ने, जिसमें इंदिरा गांधी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, निरस्त्रीकरण वार्ताओं को, जिनमें गतिरोध आ गया था, पुनः आरम्भ करने में सार्थक सहयोग दिया। इस पहल से परमाणु निरस्त्रीकरण के पक्ष में विश्व-व्यापी जनमत तैयार हुआ। इसने भू-आधारित मध्यम और कम दूरी के प्रक्षेपास्त्रों की समाप्ति के बारे में गत दिसम्बर में वाशिंगटन में संयुक्त राज्य अमरीका और सोवियत संघ के बीच हस्ताक्षरित करार के लिए वातावरण तैयार करने में मदद की है। हमने परमाणु निरस्त्रीकरण की ओर पहले ऐतिहासिक कदम के रूप में इस करार का स्वागत किया है और साथ ही हमने इस संबंध में तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया है कि परमाणु अस्त्रों के भंडारों में आगे भी भारी मात्रा में कमी हो और इस प्रक्रिया में परमाणु अस्त्र वाली सभी शक्तियों का प्रवेश हो। पिछले महीने स्टाकहोम शिखर सम्मेलन में उन कदमों की व्याख्या की गई जिन्हें आई०एन०एफ० संधि के सदर्भ में उठाए जाने की आवश्यकता है ताकि एक निश्चित अवधि के अन्दर विश्वव्यापी रूप से सभी परमाणु अस्त्रों की समाप्ति सुनिश्चित हो सके।

47. हमारे भविष्य को मानवीय पर्यावरण में बढ़ते हुए विकार से भी खतरा है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विकास से पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे और हम इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर की जाने वाली कोशिशों का समर्थन करते हैं। हमने पर्यावरण और विकास पर विश्व आयोग की बैठक अपने यहां आयोजित की। आयोग की रिपोर्ट पर विशेष बहस के दौरान प्रधान मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र संघ को सम्बोधित किया।

48. जुलाई, 1987 में हमने ऐतिहासिक भारत-श्रीलंका करार संपन्न किया जिसका श्रीलंका में शांति और उस देश में तमिल अल्पसंख्यकों के लिए न्याय के अग्रदूत के रूप में तमिलनाडु में और भारत के दूसरे भागों में स्वागत किया गया। इस समझौते को सर्वोच्च राजनैतिक कौशल के रूप में विश्व भर में सराहा गया है। करार के उपबन्धों से श्रीलंका के तमिल अल्पसंख्यकों की वैध आकांक्षाएं पूरी होती हैं और साथ ही श्रीलंका की एकता और अखण्डता भी सुनिश्चित होती है। इस करार से उस देश में स्थायी शांति और स्थिरता के लिए मार्ग प्रशस्त होता है। इससे हमारी जरूरी सुरक्षा-आवश्यकताएं पूरी होती हैं और हमारे क्षेत्र में गुट-निरपेक्षता को बल मिलता है। जैसी कि करार में व्यवस्था की गई है, और राष्ट्रपति जयवर्धने के तत्काल अनुरोध पर श्रीलंका

में भारतीय शांति सेना भेजी गई। उसने अत्यधिक कठिन परिस्थितियों में उल्लेखनीय काम किया है। हम अपने बहादुर सैनिकों की सराहना करते हैं। जिन लोगों ने सर्वोच्च बलिदान दिया है, हमारा संकल्प है कि उनका बलिदान बेकार नहीं जाएगा। हमारा दृढ़ संकल्प है कि संविधान के करार के सभी उपबंधों को पूरी तरह से अमल में लाया जाए। हम उसके अंतर्गत उपबंधित प्रक्रियाओं को और गति प्रदान कर रहे हैं। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि श्रीलंका में जातीय समस्या का स्थायी हल प्राप्त करने का उद्देश्य पूरी तरह प्राप्त हो जाए।

49. दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय सहयोग, और उस क्षेत्र की बढ़ती हुई अहमियत हमारी विदेश नीति का महत्वपूर्ण आयाम रही है। हमारी अध्यक्षता में क्षेत्रीय सहयोग मजबूत हुआ और कई बड़े प्रयत्नों को बढ़ावा मिला। काठमाण्डू में तीसरे शिखर सम्मेलन से यह प्रक्रिया आगे बढ़ी है। हमें दक्षिण एशियाई सहयोग के लिये उपयोग में न लायी गयी बड़ी क्षमता प्राप्त करनी चाहिए।

50. भारत और पाकिस्तान के लोगों में बहुत समानताएं हैं। हम पाकिस्तान के लोगों की भलाई की कामना करते हैं। हम दोनों देशों के लोगों के बीच अधिक आपसी आचार-व्यवहार के जरिए विश्वास और मित्रता बढ़ाना चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि पाकिस्तान सरकार हमारी भावनाओं के सदृश व्यवहार करेगी और स्थायी शांति व मैत्री का माहौल बनाने में सहायक होगी। दुर्भाग्यवश, इस दिशा में हमारी कोशिशों में अड़चन पैदा की गई है और हमारे बहुत से प्रयत्नों को नाकाम किया गया है। पाकिस्तान परमाणु अस्त्र प्राप्त करने की अपनी गुप्त कोशिशों में लगा हुआ है। वह भारत में आतंकवादी और अलगाववादी तत्वों की मदद करने में भी लगा हुआ है। क्या मैत्री और सहयोग का यही मार्ग है? मेरी सरकार का अब भी यह विश्वास है कि उनमें विवेक और सदबुद्धि आएगी और पाकिस्तान सरकार भारत के प्रति अपनी नीति का नए सिरे से मूल्यांकन करेगी।

51. हम चीन के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाने को बहुत महत्व देते हैं। विवादग्रस्त मुद्दों का हल हमारे राष्ट्रीय हित के अनुरूप सौहार्दपूर्ण ढंग से किया जाना है। सीमा पर शांति और अमल बनाए रखना आवश्यक है।

52. हम अफगानिस्तान के मामले में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव द्वारा की जा रही कोशिशों का समर्थन करते हैं। यद्यपि, समझौते के रास्ते में अड़चनें पैदा की जा रही हैं, फिर भी इस मामले में ठोस परिवर्तन के संकेत हैं। निर्धारित समयावधि में सोवियत सेनाओं की वापसी के बारे में हम महासचिव गोर्बाचोव की घोषणा का स्वागत करते हैं। हम आशा करते हैं कि जेनेवा में होने वाली आगामी सन्निकट वार्ता में अंतिम हल निकल आएगा। हम संबंधित पक्षों से संपर्क बनाए हुए हैं। हम उनके साथ मिलकर प्रभुसत्ता संपन्न स्वतंत्र और गुट-निरपेक्ष देश के रूप में अफगानिस्तान के दर्जे को सुनिश्चित करने के लिए कामक रेंगे।

53. कम्पूचिया के लोगों की मुसीबतों से हमें बहुत दुःख पहुंचा है। कम्पूचिया के लोगों को अपने देश के पुनर्निर्माण, अपनी स्वतन्त्रता और प्रभुसत्ता की रक्षा, और

अपने गुट-निरपेक्ष दर्जे को सुरक्षित रखने की कोशिशों के प्रति हमारी सहानुभूति और गहरी रुचि है। हम वहां शांति स्थापित करने की प्रक्रिया में सहायता कर रहे हैं। हमने उन पक्षों को एक साथ लाने में अपना सहयोग दिया है जिन्हें मिल-जुल कर कम्पूचियाई प्रश्न का हल निकालना चाहिए। हम सम्बन्धित पक्षों के सहयोग से अपनी कोशिशें जारी रखेंगे।

54. हमें अपने स्वतन्त्रता संग्राम के दिनों से ही फिलिस्तीनी लोगों के पक्ष के प्रति गहरी सहानुभूति रही है। भारत का विभाजन और फिलिस्तीन का विभाजन एक ही वर्ष में हुआ। हमने फिलिस्तीनी लोगों के दुःख तकलीफों और घोर मुसीबतों में हमेशा उनका साथ दिया है। हम अधिकृत क्षेत्रों में इस्रायली सेना द्वारा फिलिस्तीनियों के क्रूर दमन की कड़ी निन्दा करते हैं। फिलिस्तीनी जनता के अभेद्य अधिकारों की अवहेलना करते हुए कोई हल नहीं निकल सकता। उनकी जन्मभूमि में उनका अपना राज्य होना चाहिए। स्थायी हल तलाश करने के लिए तुरन्त एक अन्तर्राष्ट्रीय शांति सम्मेलन बुलाया जाए, जिसमें फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन और अन्य सम्बन्धित पक्ष भी शामिल हों।

55. ईरान-इराक युद्ध बड़े दुःख का विषय है। इसके कारण हमारे पड़ोस में हालात अस्थिर होते जा रहे हैं और इस क्षेत्र में बाहरी सैन्य शक्तियों का जमाव बढ़ रहा है। हम अन्य सभी के साथ मिलकर शांति लाने के भरसक प्रयत्न बराबर जारी रखेंगे।

56. रंग-भेद सभ्यता पर एक कलंक है जो मानव परिवार की एकता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के विपरीत है। दक्षिण अफ्रीका में सत्य के साथ महात्मा गांधी के प्रारम्भिक प्रयोगों के दिनों से ही जातीय रंग-भेद को समाप्त करना हमारे स्वतंत्रता संग्राम का अभिन्न अंग रहा है और यह अभी भी हमारी विदेश नीति का लक्ष्य बना हुआ है जो अभी पूरा नहीं हुआ है। रंग-भेद इसी वजह से जिंदा है क्योंकि प्रिटोरिया सरकार को कुछ समृद्ध शक्तिशाली देशों से आर्थिक तथा सैनिक मदद मिल रही है। बहुत अधिक रक्तपात के बिना इस अत्यंत घृणित बुराई को समाप्त करने का एक यही तरीका है कि संयुक्त राष्ट्र घोषणा-पत्र के अध्याय VII के अधीन व्यापक, अनिवार्य प्रतिबंध लगाए जाएं। हमने संयुक्त राष्ट्र, गुट-निरपेक्ष और राष्ट्रमण्डल के मंचों से इसके लिए प्रयास किए हैं। पिछले अक्तूबर में वेंकूवर शिखर सम्मेलन में केवल एक देश को छोड़कर राष्ट्रमण्डल के सभी देश रंग-भेद के खिलाफ अपने प्रतिबंधों में तीव्रता लाने के लिए सहमत हुए। अफ्रीका कोष के प्रति, जिसकी संकल्पना हमने एक व्यावहारिक समर्थन के रूप में की, विश्व भर में सभी देशों ने संतोषजनक प्रतिक्रिया दिखाई है।

57. फीजी में केवल जातीय आधार पर लोगों को उनके अधिकारों से वंचित करने की कोशिशों से बहुत रोष पैदा हुआ है। फीजी की संवैधानिक व्यवस्थाओं में इस बात की यकीनी व्यवस्था होनी चाहिए कि पार्लियामेंट में सभी समुदायों को उचित और न्यायसंगत प्रतिनिधित्व मिले।

58. हम उस समझौते का स्वागत करते हैं जिस पर ग्वाटेमाला में पांच मध्य-अमरीकी देशों के नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं। हम गंभीरतापूर्वक आशा करते हैं कि इससे ऐसी न्यायोचित और स्थायी व्यवस्था कायम होगी जिससे उस क्षेत्र के सभी देशों की सुरक्षा, प्रभुसत्ता और स्वाधीनता बनी रहे।

59. संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ हमारे आपसी सम्बन्धों में, खासतौर पर तकनीकी और आर्थिक क्षेत्रों में काफी प्रगति हुई है। प्रधान मंत्री ने अमरीकी राष्ट्रपति के साथ अनेक विषयों पर बातचीत की। पाकिस्तान की परमाणु क्षमता प्राप्त करने की लगातार कोशिशों के बावजूद उसे हथियार सप्लाई किए जाने पर हम संयुक्त राज्य अमेरिका पर अपनी गम्भीर चिन्ता बराबर व्यक्त कर रहे हैं।

60. सोवियत संघ के साथ भारत के संबंध हमेशा ही स्नेहपूर्ण और मैत्रीपूर्ण रहे हैं। नवम्बर, 1986 के दिल्ली घोषणा-पत्र में अहिंसा और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के प्रति दोनों देशों की समान प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। पिछले तीन सालों में हमारे संबंधों में विस्तार हुआ है और हमारे संबंध समृद्ध हुए हैं। उच्च स्तरीय यात्राओं में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, व्यापार में अद्‌भुत बढ़ोत्तरी हुई है, विज्ञान और टैक्नालोजी जैसे क्षेत्रों में नए आयाम जुड़े हैं जिससे हमारे पहले से ही चले आ रहे व्यापक सहयोग में आगे विस्तार हुआ है। दोनों देशों में आयोजित महोत्सवों में हमारे आपसी सद्‌भाव का सुन्दर दिग्दर्शन हुआ है। वर्ष के दौरान, भारत के प्रधान मंत्री सोवियत संघ गए और सोवियत संघ के प्रधान मंत्री भारत आए।

61. माननीय सदस्यगण, राष्ट्र के संयुक्त प्रयास से हम विश्वासपूर्वक उन चुनौतियों का सामना कर सकते हैं और उन कार्यों को पूरा कर सकते हैं जो हमारे सामने हैं। हम अपने गणतंत्र के आदर्शों और लक्ष्यों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। हम राष्ट्रीय हित को किसी भी वर्गगत हित से ऊपर रखेंगे। आने वाले वर्ष में आपके प्रयासों की सफलता के लिए मैं आपको अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

जय हिन्द।

1.00 P.M.

**RESOLUTION ON THE PASSING AWAY OF KHAN ABDUL GHAFFAR KHAN**

MR. CHAIRMAN: Honourable Members, with profound sorrow, I refer to the passing away of Khan Abdul Ghaffar Khan, the veteran freedom fighter.

Khan Abdul Ghaffar Khan, affectionately called Badshah Khan or the Frontier Gandhi, passed away on the 20th January, 1988. As the honourable Members are aware, the nonagenarian leader had been suffering from heart ailment when he was specially flown to India last year and admitted in a Bombay Hospital, where after treatment he got over the crisis. When he came to Delhi after his treatment in Bombay, we had thought that he had turned the corner and was on the road to recovery. But he suffered a paralytic stroke and was rushed to the All India Institute of Medical Sciences. In August last year he was flown back' to Peshawar in an almost unconscious state. On account of his robust constitution, the aged leader struggled for months to regain consciousness, but the had to succumb at last.

The news of his death has come as a personal blow not only to his own people, but to vast numbers here who had developed a mystic bond with the great leader. His life has been one of storm and stress and he has been a symbol of truth and fearlessness. He was a man of profound culture and served those in need and befriended those on whom nobody would ordinarily bestow attention. He was gem of the rarest hue and reflected and radiated light, kindness, moral stature and purity wherever he went. We respected him; we loved him.

Badshah Khan was born in 1890, in a highly religious and respected Pa-than family of the Peshawar Valley. He had his schooling in Peshawar. His educational career was cut short when his mother for whom the young